दिन– शुक्रवार दिनांक– 11 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. नाबार्ड सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह से दो हजार इक्कीस–बाईस के बीच ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय सत्तावन प्रतिशत से अधिक बढ़ी।

02. प्रदेश को औरंगाबाद के नवीनगर में बनने वाले अत्याधुनिक बिजली घर से पंद्रह सौ मेगावाट बिजली मिलेगी।

03. पटना जीपीओ में विदेश डाकघर खुलेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पार्सल भेजना होगा आसान।

04. और, नवरात्रि के नवे दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा– अर्चना। सुबह से ही शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

————————————————————————

ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय में वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह की तुलना में दो हजार इक्कीस–बाईस में सत्तावन प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————

प्रदेश को औरंगाबाद के नवीनगर में बनने वाले अत्याधुनिक बिजली घर से पंद्रह सौ मेगावाट बिजली मिलेगी। इस संबंध में बिजली कंपनी और एनटीपीसी के बीच समझौता किया गया है। एनटीपीसी के प्रवक्ता विश्वनाथ चंदन ने बताया कि नवीनगर में चालू वित्तीय वर्ष में दूसरे चरण का काम शुरु हो जाएगा और आगामी तीन सालों में बिजली का उत्पादन होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि इससे भविष्य में राज्य में होने वाली बिजली की खपत को पूरा करने में मदद मिलेगी।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकारों को एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक का कर हस्तांतरण जारी किया है। इसके तहत बिहार को सत्रह हजार नौ सौ इक्कीस करोड़ रुपये मिले हैं। केंद्रीय करों में बिहार की हिस्सेदारी दस प्रतिशत से अधिक है। यह हस्तांतरण राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्त पोषण करने में सक्षम बनाने के लिए किया गया है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने दोहरी पारिवारिक पेंशन की ऊपरी सीमा तय कर दी है। इसके तहत पुरानी पेंशन के तहत आने वाले माता–पिता की संतानों को पेंशन के रुप में मृतक माता–पिता के उच्चतर वेतन का पचास प्रतिशत और तीस प्रतिशत ही मिलेगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार दिव्यांग संतानों को भी पेंशन का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने केन्द्र की तर्ज पर इस सीमा का निर्धारण किया है।

———————————————————————

सीमा शुल्क आयुक्त डॉ. यशोवर्धन पाठक ने कहा है कि पटना मुख्य डाकघर जीपीओ में अब विदेशी डाकघर यानि एफपीओ खुलेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके तहत जीपीओ प्रांगण को निर्यात माल की लोडिंग और आयातित माल उतारने के लिए एफपीओ घोषित कर दिया गया है। श्री पाठक ने कहा कि अब पटना देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां विदेशी पोस्ट ऑफिस के जरिये देश के बाहर समान भेजने और प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले पटना में कस्टम क्लिरियेंस की सुविधा नहीं होने के कारण सामान को कोलकाता के जरिये विदेश भेजना पड़ता था। श्री पाठक ने बताया कि एफपीओ से बिहार के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पार्सल भेजना आसान हो जाएगा।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और हम के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा है कि उनकी पार्टी झारखंड में दस सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। श्री मांझी ने कहा कि वे एनडीए गठबंधन के अंतर्गत ही भाजपा के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे के तहत जो सीटें उनके खाते में आयेंगी, उन्हीं पर पार्टी प्रत्याशी चुनाव में उतारेंगे।

---

शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। युवा संगम विभिन्न राज्यों के युवाओं का लोगों से संबंध मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। अठारह से तीस वर्ष की आयु के युवा इस पोर्टल पर पंजीकरण कराकर इसमें शामिल हो सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्कीस अक्तूबर है।

---

प्रदेश में सरकारी और निजी विद्यालयों में बच्चों के घर से आने—जाने में हर तरह की सुरक्षा की जवाबदेही स्कूल प्रबंधन की होगी। बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से इस संबंध में सभी जिलों को दिशा—निर्देश भेजे गए हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के निर्देश के बाद राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस संबंध में दिशा—निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा का जिम्मा भी स्कूल का ही होगा। आयोग ने इस संबंध में हर विद्यालय को अपनी वेबसाईट पर सूचनाएं अपलोड करने का निर्देश दिया है।

---

साहित्य में दो हजार चौबीस का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को देने की घोषणा की गई है। उन्हें गहन काव्यात्मक गद्य के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री हान कांग को उनके उपन्यास द वेजीटेरियन के लिए जाना जाता है। वह यह पुरस्कार जीतने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखिका हैं। सुश्री कांग के लेखन की शुरुआत उन्नीस सौ तिरानवे में लिटरेचर एंड सोसाइटी पत्रिका में उनकी कई कविताओं के प्रकाशन के साथ हुई थी।

---

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा—अर्चना हो रही है। पूजा को लेकर हर तरफ श्रद्धा और उल्लास का वातावरण है।

——म्यूजिक——

मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में

श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। श्रद्धालु सुबह से ही देवी मंदिरों के साथ ही पूजा–पंडालों में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों को आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया है। पटना में पंडालों को तिरूपति मंदिर और पशुपति नाथ मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर की तर्ज पर सुसज्जित किया गया है। सीतामढ़ी जिले के पुनौरा में इसरो की मिसाईल, बेगूसराय के बखरी में केदारनाथ धाम और हाजीपुर के डाकबंगला चौराहे पर बद्रीनाथ मंदिर और सराय बाजार में वेल्लूरमठ की तर्ज पर बनाए गए पूजा पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। अन्य जिलों में भी देश–विदेश के एतिहासिक स्थलों और स्मारकों के आधार पर पूजा पंडाल निर्मित किये गये हैं। इन्हे देखने और माता के दर्शन के लिए राजधानी पटना समेत विभिन्न स्थानों पर देर रात तक लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

––म्यूजिक––

——————————————————————————

दुर्गा पूजा के मद्‌देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के मद्‌देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजधानी पटना में प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर इन पूजा पंडालों के आस–पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं।

——————————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और समाजिक सदभाव बनाए रखने की अपील की है। विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा

तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिवस दुनियाभर में बालिकाओं की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

राज्य से मॉनसून की गतिविधियां धीरे—धीरे कम हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य से मॉनसून अभी तक पूरी तरह लौटा नहीं है। हालांकि सूर्य के दक्षिणायन होने की शुरूआत के साथ ही दिन के तापमान में बढ़ोतरी और रात के तापमान में कमी देखी जा रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी भाग के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की सभावना है।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ अट्ठाईस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से इकसठ नये मामले मिले हैं।

———————————————————————————

कटिहार रेल मंडल में बारसोई और सुधानी रेलवे स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी के हताहत होने की ख़बर नहीं है। हालांकि इससे कटिहार—न्यूजलपाईगुड़ी रेलखंड के डाउन लाइन पर ट्रेन परिचालन बाधित हुआ है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां, एक बार फिर............

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** ने उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – देश को गमगीन छोड़ रतन टाटा अनंत यात्रा पर।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है – पहले चरण में दो लाख शहरी आवास दिसम्बर तक पूरे हो जायेंगे।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – पचहत्तर हजार बूथ प्रभारी और हर बूथ पर चार सौ सदस्य बनाएगी भाजपा।

**प्रभात खबर** ने राजधानी में उमड़ी भीड़ को तरजीह देते हुए लिखा है – हर कदम पूजा–पंडालों की ओर बढ़ चला।

**आज** अखबार लिखता है – इस्लामपुर–हटिया एक्सप्रेस को पलटने की साजिश नाकाम।

**राष्ट्रीय सहारा** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – दीवाली से पहले किसानों को करें फसल क्षति का भुगतान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. नाबार्ड सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह से दो हजार इक्कीस–बाईस के बीच ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय सत्तावन प्रतिशत से अधिक बढ़ी।

02. प्रदेश को औरंगाबाद के नवीनगर में बनने वाले अत्याधुनिक बिजली घर से पंद्रह सौ मेगावाट बिजली मिलेगी।

03. पटना जीपीओ में विदेश डाकघर खुलेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पार्सल भेजना होगा आसान।

04. और, नवरात्रि के नवे दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा– अर्चना। सुबह से ही शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।